RAF SECTOR

NEWS CLIP

10/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

आरएएफ में रक्षा रथ का स्वागत, सौंपी राखियां

भारत रक्षा पर्व के माध्यम से देश के वीर जवानों तक राखी पहुंचाने का जारी है सिलसिला, कई जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

जासं, प्रयागराज : भारत रक्षा पर्व के माध्यम से देश के वीर जवानों तक राखी पहुंचाने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जागरण रक्षा रथ फाफामऊ में शांतिपुरम स्थित 101 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) पहुंचा। वहां पर अधिकारियों और जवानों ने रक्षा रथ का जोरदार स्वागत किया। वहीं राखी लेकर पहुंची छात्राओं ने उसे अधिकारियों और जवानों को सौंपा।

वीर जवानों तक रक्षा सूत्र पहुंचाने के लिए जागरण की ओर से भारत रक्षा पर्व का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को श्री नारायण आश्रम बालिका इंटर कालेज शिवकुटी की छात्राओं को लेकर जागरण का रक्षा रथ आरएएफ पहुंचा। वहां पर रक्षा रथ का अधिकारियों और जवानों ने स्वागत किया। आरएएफ के परेड मैदान में हुए कार्यक्रम में कमांडेंट आरके निगम ने कहाकि ऐसी पहल से जवानों का उत्साहवर्धन हुआ है। जागरण ने जवानों तक रक्षा सूत्र पहुंचाने की जो पहल की है, वह सराहनीय है।

इस दौरान छात्राओं ने उन्हें कमांडेंट आरके निगम, सुनीता निगम, डिप्टी कमांडेंट दीपक तिवारी, पवन कुमार, मुकेश कुमार पांडेय सहित जवानों को रक्षा सूत्र सौंपा। इस मौके पर शिक्षिका वर्षा पांडेय और छात्राएं ऋचा उपाध्याय, गरिमा ओझा, अलशिफा, समीक्षा, आस्था मिश्रा, हैप्पी गौतम ने राखी बनाकर फौजियों को भेजी। उसके बाद पतंजलि ऋषिकुल तेलियरगंज की छात्राएं हिमाद्री, श्रेया सरकार, वैष्णवी सिंह आदि ने सरहद पर तैनात सैनिक भाइयों की सलामती के लिए रक्षा सूत्र भेजा है।

वहीं अल्लापुर में गुलाबी गैंग की ओर से कार्यक्रम आयोजित करके फौजी भाइयों के लिए रक्षा सूत्र भेजा गया। इस मौके पर अंशिका शुक्ला, नम्रता जायसवाल, तनवी राय, कंचन पांडेय, रानी सिंह, चंदना यादव, मीनू राय, शालिनी पांडेय आदि थे।

आप भी भेज सकती है राखी

जागरण की ओर से शुरू किया गया भारत रक्षा रथ शनिवार को अशोक नगर में बाबा चौराहे के पास रहेगा। इसके बॉक्स में तीन से पांच बजे तक रक्षा सूत्र डाला जा सकता है। इसके अलावा जागरण कार्यालय और लक्ष्मी बुक डिपो सिविल लाइंस में रखे बॉक्स में राखी डाली जा सकती है।

भारत रक्षा पर्व के तहत फाफामऊ स्थित आरएएफ के अधिकारियों और जवानों को राखी सौंपती छात्राएं • जागरण

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

फाफामऊ के शांतिपुरम स्थित 101 बटालियन आरएएफ में अधिकारियों, उनकी पत्नियों, बच्चों और जवानों ने किया पौधारोपण।

आरएएफ में लगाए गए पौधे

जासं, प्रयागराज : जल शक्ति अभियान के तहत 101 बटालियन आरएएफ में शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। आरएएफ परिसर में कमांडेंट आरके निगम, कावाध्यक्ष सुनीता निगम, उप कमांडेंट पवन कुमार, दीपक तिवारी, मुकेश कुमार पांडेय सहित अधिकारियों और जवानों ने पौधे लगाए।

इसके लिए सुबह से ही तैयारी की गई थी। दिनभर में चले अभियान में दो सौ पौधे लगाए गए। कमांडेंट ने कहा कि पौधे से ही जीवन है इसलिए हर किसी को कम से कम एक पौधे लगाना चाहिए।

रोटरी इलीट ने चलाया अभियान

वि. प्रयागराज : रोटरी इलाहाबाद इलीट के सदस्यों ने शुक्रवार को लोको पायलट कालोनी में पौधारोपण अभियान चलाया। इसमें वासुदेव पांडेय, क्लब के अध्यक्ष मुनिराज, सचिव बेला राज, पूर्व अध्यक्ष रितेश सिंह, शशांक जैन, मयंक जायसवाल आदि शमिल हुए।

Hindustan (Prayagraj,UP)

आरएएफ परिसर में लगाए गए 200 पौधे

प्रयागराज। 101 आरएएफ वाहिनी परिसर फाफामऊ में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में वाहिनी कमांडेंट आरके निगम, कावाध्यक्ष सुनीता निगम, उप कमांडेंट पवन कुमार, दीपक तिवारी, मुकेश कुमार पांडे आदि शामिल हुए।

Jansandesh (Lucknow,UP)

सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में जल सरंक्षण कार्यक्रम आयोजित

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र की 91 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) द्वारा शुक्रवार को इलाके के चंद्रावल गांव में जल संरक्षण /शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बटालियन के कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत गोद लिए गए गांव चंद्रावल के क्षेत्र में जल संरक्षण से संबंधित बैनर लगाया गया और जल संवाद के माध्यम से सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह व सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की जानकारी दी। इस मौके पर कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपनी बटालियन के अधिकारियों और जवानों को वाहिनी मुख्यालय में जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।